प्रभात खबर

Bhagalpur news मोटर गैरेज से लाखों का नकली पार्ट्स बरामद, संचालक फरार

सुलतानगंज के तीन स्थानों पर पुलिस ने छापामारी की. मोटर गैरेज से बाइक के नकली समान बरामद करने का मामला प्रकाश में आया है. कृष्णगढ़ मोड़ के समीप व स्टेशन रोड के पास गैरेज की दुकान से दो कंपनियों के नकली सामान बरामद करने के बाद पुलिस छानबीन में जुटी है.

पुलिस ने लाखों का नकली पार्ट्स बरामद किया है. प्रोटेक्ट आइपीइ प्रा लि के इन्वेस्टिगेशन ऑफिसर मो शाहिद व प्रबंधक टिकेश्वर झा ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि सुलतानगंज में विभिन्न गैरेजों में नकली पार्ट्स बेचे जा रहे हैं. बड़ी पोस्ट ऑफिस के समीप, कृष्णगढ़ के पास व स्टेशन रोड अवस्थित गैरेज में छापामारी कर पुलिस के सहयोग से लाखों रुपये का नकली पार्ट्स बरामद किया गया. कंपनी के ऑफिसर मो शाहिद ने थाना में मामला दर्ज करा गैरेज संचालक गोलू कुमार, मुन्ना साह व बबलू कुमार को नामजद किया है. पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है. आरोपित गैरेज से फरार हो गया. थानाध्यक्ष ने बताया कि दर्ज मामले में तीनों गैरेज के संचालक को नामजद किया गया है. मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है.

पीरपैंती पंचायत में मंगलवार को बिजली विभाग ने बकायेदारों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है. विभाग ने बिल जमा न करने वाले 20 घरों के बिजली कनेक्शन काट दिया है. विभाग लगातार बकायेदारों के घर पहुंच बिजली काट रहा है. कनीय अभियंता शुभम कुमार ने बताया कि मुख्यालय की ओर से प्रखंड के पांच हजार बकायेदार कंज्यूमर की सूची भेजी. अब तक 747 घरों में बिजली विभाग ने कार्रवाई की है, जिसमें 431 उपभोक्ताओं ने भुगतान किया, वहीं 316 लोगो के घरों की बिजली काट दी गयी. विभाग की ओर से इस प्रकार कार्रवाई लगातार होती रहेगी.

Source: https://www.prabhatkhabar.com/state/bihar/bhagalpur/fake-parts-worth-lakhs-recovered-from-motor-garage